B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST -1(2026-27)
HINDI (085)
SET – 2

Class : VII — Duration : **1 Hrs**
Date : 15.06.2026 — Max. Marks : **25**

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 7 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 11 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 7 अङ्क

खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

आज के समय में मोबाइल फोन हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। पहले लोग केवल बात करने के लिए इसका उपयोग करते थे, लेकिन अब मोबाइल से पढ़ाई, खेल, मनोरंजन और जानकारी प्राप्त करना भी संभव हो गया है। विद्यार्थी मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएँ ले सकते हैं और नई-नई चीजें सीख सकते हैं।

हालाँकि, मोबाइल का अधिक उपयोग हानिकारक भी हो सकता है। लगातार मोबाइल चलाने से आँखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है और समय की बर्बादी भी होती है। कई बच्चे खेल-कूद और पढ़ाई को छोड़कर मोबाइल में अधिक समय बिताने लगते हैं। इसलिए हमें मोबाइल का उपयोग संतुलित रूप से करना चाहिए।

यदि हम सही तरीके से मोबाइल का उपयोग करें, तो यह हमारे लिए बहुत उपयोगी साधन बन सकता है। हमें इसका प्रयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए करना चाहिए और अपने समय का सही प्रबंधन करना चाहिए।

(i) पहले मोबाइल का उपयोग किस लिए किया जाता था?
(a) पढ़ाई के लिए — (b) केवल बात करने के लिए
(c) खेल खेलने के लिए — (d) फोटो खींचने के लिए

(ii) मोबाइल के अधिक उपयोग से क्या हानि होती है?
(a) ज्ञान बढ़ता है — (b) आँखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है
(c) समय बचता है — (d) खेल-कूद बढ़ता है

(iii) मोबाइल का सही उपयोग कैसे करना चाहिए?
(a) पूरे दिन चलाकर — (b) केवल मनोरंजन के लिए
(c) संतुलित और आवश्यक कार्यों के लिए — (d) पढ़ाई छोड़कर

(iv) मोबाइल फोन विद्यार्थियों के लिए कैसे उपयोगी है?

(v) हमें मोबाइल का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए?

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.2 भाषा और व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**

(i) भाषा के प्रमुख रूप कौन-कौन से हैं?

(ii) भाषा को लिखने की प्रणाली क्या कहलाती है?

(iii) मौखिक भाषा का एक उदाहरण लिखिए।

(iv) हिंदी भाषा की लिपि का नाम लिखिए।

प्रश्न.3 वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **[4]**

(i) वर्ण किसे कहते हैं**?**

(ii) स्वर के कितने प्रकार होते हैं**?**

(iii) दो ह्रस्व स्वरों के नाम लिखिए।

(iv) दो स्पर्श व्यंजन लिखिए।

प्रश्न.4 शब्द रचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[3]**

(i) तद्भव शब्द किसे कहते हैं**?**

(ii) निद्रा का तद्भव शब्द लिखिए।

(iii) सार्थक शब्द किसे कहते हैं**?**

(iv) कोई एक देशज शब्द लिखिए।

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) **[4]**

(i) फूल हमें जीवन में क्या सीख देता है**?**

(ii) मुसाफिर को जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहिए**?**

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) **[3]**

(**i**) "मुसकराकर चल मुसाफिर" कविता का मुख्य भाव अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) पानी की बचत के लिए आप क्या करेंगे?

===========================समाप्त============================